# प्रेरणा कार्यक्रम

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने प्रेरणा कार्यक्रम की पहली पूर्व छात्रों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया।

- प्रेरणा एक **'अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (Experiential Learning program)'** है जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को एक सार्थक, अद्वितीय और प्रेरक अनुभव प्रदान करना है, जिससे उन्हें नेतृत्व गुणों के साथ सशक्त बनाया जा सके।
- यह भारतीय शिक्षा प्रणाली के सिद्धांतों और **मूल्य-आधारित शिक्षा** के दर्शन को एकीकृत करने की मज़बूत प्रतिबद्धता से प्रेरित है।
- इसे भारत सरकार के **शिक्षा मंत्रालय (Ministry of Education - MoE)** के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा लॉन्च किया गया था।
- देश के विभिन्न भागों से प्रत्येक सप्ताह 20 चयनित छात्रों (10 लड़के व 10 लड़कियों) का एक बैच कार्यक्रम में भाग लेता है।
- पाठ्यक्रम को गरिमा और विनम्रता, वीरता और साहस, कड़ी मेहनत और समर्पण, करुणा और सेवा, विविधता और एकता, अखंडता और पवित्रता, नवाचार और जिज्ञासा, आस्था और विश्वास तथा स्वतंत्रता और ज़िम्मेदारी जैसे नौ प्रमुख मूल्यों के आधार पर बनाया गया है।

**और पढ़ें:** राजस्थान प्रेरणा स्कूल शुरू करेगा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prerna-programme